## प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 13.11.2023

## चोरी की 02 मोटर साइकिल (गलत नम्बर प्लेट) बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार (थाना कन्धई)-

**पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद प्रतापगढ** मे हुई अपराधिक वारदातों के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में **आज दिनांक 13.11.2023 को थाना कन्धई के उ0नि0 श्री अशोक यादव** मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कन्धई के भैरोगंज पेट्रोल पम्प के पास से **02 व्यक्तियों को** चोरी की 02 मोटर साइकिल(गलत नम्बर प्लेट) के साथ गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कन्धई में मु0अ0सं0 400/23 धारा 41, 411, 419,420, 465 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया है।**

**पूछताछ का विवरण -**

पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह दोनों मोटर साइकिल चोरी की है, अभियुक्त आदित्य ने बताया कि मैंने सुपर स्पलेण्डर मोटर साइकिल को अप्रैल माह में मदाफरपुर बाजार, थाना कन्धई से चोरी किया था जिसका नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था तथा अभियुक्त सुभाष ने बताया कि मैंने अपाची मोटर साइकिल को जनपद बरेली से चोरी किया गया जिसका नम्बर प्लेट बदलकर चला रहा था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण -**

**01. आदित्य उर्फ महेश पुत्र रामसुख निवासी लम्बुआ हा0प0 लोलेपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर**

**02-सुभाष पुत्र रामसुन्दर निवासी बनपुरवा चकमझानीपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ ।**

**बरामदगी -**

1- 01 सुपर स्पलेण्डर मोटर साइकिल।

2- 01 अपाची मोटर साइकिल।

**पुलिस टीम -** उ0नि0 श्री अशोक यादव मय हमराह थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़।